जयंती पर देशभक्ति गीतों के साथ किया दीप दान

ब्यावर, (निसं) । विवेकानंद केन्द्र कन्याकुमारी शाखा के नगर प्रमुख यादवराज कुमावत ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वामी विवेकानंद की जन्म जयंती की पूर्व संध्या पर चांग गेट पर स्वामी विवेकानंद ओर भारतमाता के चित्र के समक्ष रंगोली सज़ा कर बैंड की स्वर लहरियों के साथ देश भक्ति गीतों की प्रस्तुति हुई।आसपास के सभी आमजन ने रंगोली के दर्शन करते हुए उन्हें सादर प्रणाम नतमस्तक होकर किये। देश भक्ति से ओतप्रोत इस कार्यक्रम में आमजन ने अपनी पूर्ण सहभागिता निभाते हुए देश भक्ति से ओतप्रोत बेंड की धुनों और प्रस्तुत किये गए देश भक्ति के गीतों के मध्य वन्दे मातरम् और भारत माता की जय के जयकारे लगाकर पुरे परिसर को देशभक्तिपूर्ण कर दिया। गीतों की प्रस्तुति के दौरान शाखा के सदस्यों और आमजन ने पुरे जोश खरोश के साथ न्रत्य भी किया। कार्यक्रम में अभिमन्यु गहलोत,यादवराज कुमावत, संजय सिंह गहलोत, कपिल खंडेलवाल, मिथलेश शर्मा , पूजा कुशवाहा, हेमलता सैनी ने प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में छगनलाल गहलोत, सुभाषचंद्र शर्मा, सुरेश टाक, मुकेश हेमन्त कुमावत आदि उपस्थित रहे।

महावीर इंटरनेशनल अजयमेरू केंद्र ने जैन को किया सम्मानित

महावीर इंटरनेशनल अजयमेरू अजमेर केंद्र द्वारा अंतरराष्ट्रीय ट्रस्टी पदम चंद जैन का सम्मान किया।

अजमेर, (कासं)। महावीर इंटरनेशनल अजयमेरू अजमेर केंद्र द्वारा अंतरराष्ट्रीय ट्रस्टी पदम चंद जैन का सम्मान किया गया। हाल ही में हैदराबाद में आयोजित महावीर इंटरनेशनल के अंतरराष्ट्रीय अधिवेशन में उन्हें संस्था के सर्वोच्च सम्मान लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से नवाजा गया था। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में दिनांक 12 जनवरी 2025 को महावीर इंटरनेशनल के मेहरा बिल्डिंग, अजमेर स्थित कार्यालय में एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में महावीर इंटरनेशनल अजयमेरू केंद्र के संरक्षक अशोक छाजेड़ और संरक्षक व जोन प्रवक्ता कमल गंगवाल ने पदम चंद जैन को माला और दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर केंद्र के चेयरमैन गजेंद्र पंचोली ने कहा, पदम चंद जैन महावीर इंटरनेशनल के लिए भीष्म पितामह के समान हैं, जो दिन-रात संस्था के उत्थान और विकास के लिए समर्पित रहते हैं।

समारोह के दौरान प्रेम कुमार जैन ने, जो पदम चंद जैन के साथ हैदराबाद अधिवेशन में उपस्थित थे, साझा किया कि जब उनका नाम लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड के लिए घोषित हुआ, तो पूरा सभागार खड़े होकर करतल ध्वनि से सम्मान प्रकट कर रहा था।

पदम चंद जैन ने इस सम्मान के लिए भावुकता व्यक्त करते हुए कहा, 'यह अवॉर्ड केवल मेरा नहीं, बल्कि सभी महावीर इंटरनेशनल के सदस्यों और मेरे परिवार के सहयोग का परिणाम है।' कार्यक्रम का संचालन अजमेर जोन प्रवक्ता कमल गंगवाल ने कुशलतापूर्वक किया। महावीर इंटरनेशनल अजमेर मुख्य केंद्र की चेयरपर्सन इंदु जैन ने पदम चंद जैन को बधाई देते हुए अजयमेरू केंद्र के पदाधिकारियों का धन्यवाद किया, जिन्होंने इस सम्मान समारोह को सफलतापूर्वक आयोजित किया। समारोह के पश्चात अजयमेरू केंद्र की ओर से जलपान की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में पदम चंद जैन, अशोक छाजेड़, संरक्षक व जोन प्रवक्ता कमल गंगवाल, गजेंद्र पंचोली, विजय जैन पांड्या, इंदु जैन, प्रेम कुमार जैन, मनोहर गोपाल ईनाणी, पूनम जी, विनय गदिया जैन सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

रोड व्यापारिक ने यूजर चार्ज पर जताया आक्रोश

अजमेर, (कासं)। नगर निगम द्वारा व्यापारियों से वसूले जाने वाले यूजर चार्ज को लेकर रविवार को श्री नगर रोड व्यापारिक एसोसिएशन के व्यापारियों ने अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह शेखावत और श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के अध्यक्ष महेन्द्र बंसल और महासचिव रमेश लालवानी की अध्यक्षता में होटल दाता इन में बैठक आयोजित कर नगर निगम द्वारा व्यापारियों को अनेक प्रकार से परेशान किए जाने पर आक्रोश जताया और पूर्व में महासंघ सहित व्यापारी प्रतिनिधियों के साथ हुई नगर निगम की संयुक्त बैठक के सरकार को भेजे गए प्रस्ताव को सार्वजनिक करने की मांग की है। बैठक में संयुक्त सचिव विनीत जैन ने बताया कि नगर निगम द्वारा व्यापारियो को अनेक प्रकार से ठेकेदार के माध्यम से फूड लाइसेन्स फीस वसूल करवाकर रसीद को अधिकृत नहीं मानना, छोटे-छोटे व्यापारियो को फायर सिलेंडर लगवाने के बावजूद पूर्ण कार्यवाही टैंक व हॉज पाईप लगवाने के लिए परेशान करना सहित अन्य प्रकार से परेशान किया जा रहा है। एसोसिएशन के महासचिव राजकुमार तंवर ने समस्त व्यापारियों से नगर निगम के विरुद्ध नारे लगवाकर यूजर्स चार्जेस नहीं देने की बात कही। महासंघ के अध्यक्ष महेन्द्र बंसल ने नगर निगम को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि व्यापारियों को परेशान किया गया।

मोतीलाल सैनी प्रकरण में अतिशीघ्र हो कार्यवाही : गोपाल माली

भीलवाड़ा। राजस्थान प्रदेश सैनी महासभा के प्रदेश महामंत्री गोपाललाल माली ने मुख्यमंत्री भजनलाल को पत्र लिखकर जयपुर के कटेवा नगर , गुर्जर की थड़ी निवासी मोती लाल व उनके परिवार की महिलाओं के साथ गाली गलौज व मारपीट कर , गुंडागर्दी, अभ्रतापूर्ण वर्ताव, पुलिस द्वारा तानाशाही रवैये पर कार्यवाही करने व मुकदमा दर्ज करने की मांग को लेकर माली ने सूबेकी सरकार के मुख्यमंत्री भजनलाल को पत्र प्रेषित कर कार्यवाही की मांग की।

प्रदेश महामंत्री माली ने अधिक जानकारी देते हुए बताया कि जयपुर के सिविल लाइन विधायक, उनके पीए, पीएसओ, स्थानीय पार्षद, यहां तक कि श्याम नगर थाने के पुलिसकर्मी भी गुर्जर की थड़ी, कटेवा नगर निवासी मोतीलाल सैनी के घर पर 9 जनवरी को रात 8.30 बजे सुरेश विजयवर्गीय पक्ष में मकान निर्माण के विवाद में एक तरफीय कार्रवाई करते हुए मोतीलाल सैनी व उनके परिवार के साथ मारपीट कर महिलाओं के साथ अभद्रता कर सरेआम गुंडागर्दी की है , जिसमें मोतीलाल की 15 वर्षीय पुत्री के सिर में गम्भीर चोट आई है। फूटेज वीडियो में स्थानीय पुलिस, विधायक के पीएसओ, पार्षद,पुलिस के जवान महिलाओं से मारपीट व घसीटते हुये स्पष्ट नजर आ रहे हैं। ऐसा अमानवीय कृत्यऔर सविधान मे प्रदत मानवीय गरिमा मय जीवन जीने मे बाधक है। और पुलिस द्वारा बिना महिला कांस्टेबलों के अपनी प्रदत शक्तियों का दुरूपयोग और महिलाओ के प्रति गम्भीर अत्याचार कर ,, खुल्लमखुल्ला महिला मानवाधिकार का घोर उल्लंघन किया है। समाज इसे कतई बर्दास्त नहीं करेग। प्रदेश महामंत्री माली ने मुख्यमंत्री से मांग की कि मोतीलाल सैनी के घर में पुलिस द्वारा मारपीट करना, महिलाओं को घसीटना, साक्ष्य नष्ट करने के लिए सीडीआर, सीसीटीवी को उखाड़ कर ले जाना पुलिस प्रशासन पर प्रश्न चिन्ह लगाता है। उक्त मामले में द्वेशता पूर्ण कार्यवाही निंदनीय है। पीडित परिवार को न्याय दिलाकर सर्म्पूण मामले में निष्पक्ष जांच कर सरकार अपना विश्वास आमजन में स्थापित करें। इस मामले को लेकर माली समाज के साथ-साथ अन्य समाजों में भी भारी रोष व्याप्त है। इसलिए राजस्थान सरकार अविलम्ब रूप से कानून व्यवस्था पर ध्यान दे और पीड़ित परिवार को न्याय दिलावे। अन्यथा माली सैनी समाज संपूर्ण राजस्थान में आंदोलन करने पर उतारू होगा,जिसकी समस्त जिम्मेदारी सरकार-प्रशासन की होगी।

विवेकानंद सेवा समिति के द्वारा युवा दिवस मनाया

डीडवाना । स्वामी विवेकानंद सेवा समिति के तत्वाधान में बांगड़ महाविद्यालय में युवा दिवस के उपलक्ष में स्वामी विवेकानंद की जयंती उत्साह पूर्वक मनाई गई। इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के संरक्षक बुद्धाराम गरवा एवं समिति के अध्यक्ष अरुण शर्मा ने की कार्यक्रम के शुरुआत में स्वामी विवेकानंद की मूर्ति के समक्ष माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किये कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बुद्धाराम गरवा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत थे ऐसे तपस्वी युवा संन्यासी जिन्होंने अमेरिका की धर्म संसद में कहा कि मुझे हिंदू होने पर गर्व है और देश का भविष्य युवाओं के हाथ में होना चाहिए उन्होंने यह भी कहा कि हमें देवी देवताओं की पूजा के साथ-साथ शास्त्र और सस्त्र का भी ज्ञान होना चाहिए। स्वामी विवेकानंद के अनेक उदाहरण बुद्धाराम जी ने प्रस्तुत किए।

विवेकानंद यूथ फाउंडेशन ने युवा दिवस मनाया

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। विवेकानंद यूथ फाउंडेशन द्वारा राजकीय महाविधालय में स्वामी विवेकानंद के जयंती पर युवा दिवस मनाया। पार्षद मनीष टेलर ने बताया की समारोह में बतौर अतिथि मौजूद सभापति दिनेश सिंह राठौड़ ने आव्हान किया की स्वामी विवेकानंद के विचारों को युवा पीढ़ी तक पहुंचाये, ताकि समाज में सकारात्मक बदलाव आ सके। एमडीएस यूनिवर्सिटी से वनस्पति विभागध्यक्ष अरविन्द पारीक, भाजपा नेता महेंद्र पाटनी, चेतन व्यास, अंवेषी किशोर, दिपेन्द्र सिंह गोविंद गुप्ता, नीरज पारीक, राजेश मालाकार व विजय सोनी ने भी अपने विचार व्यक्त किये। फाउंडेशन संरक्षक अभिषेक पारीक ने स्वामी विवेकानंद के उद्धरणों को साझा कर उनके द्वारा किए गए समाजिक सुधारों पर प्रकाश डाला। संस्थापक सदस्य यश राका ने फाउंडेशन का परिचय कराया। कॉलेज छात्रों ने स्वामी विवेकानंद के विचारों पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

इस अवसर पर छात्र नेता अंकुश शर्मा, भाजपा युवा नेता सूर्यप्रकाश शर्मा, अंकित शर्मा, अतुल सामरिया, हीरालाल जांगिड़, शुभम सोमानी, दीपक शर्मा, दीपेश भाट, श्रीकांत दरगड़, नितेश सुराणा, राकेश बागड़ा, अंकित गढ़िया, पंकज पहाड़िया, मोहम्मद फारूख, पवन शर्मा, आशीष कुमावत, अंकित सोनी, योगेश जैन, नंदकिशोर वैष्णव, चंद्रप्रकाश, मनीष दाधीच, दीपेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे। सूर्यप्रकाश शर्मा ने बताया की शतरंज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर आशुतोष टिंकर, द्वितीय मनन दरडा, तृतीय स्थान पर यथार्थ वैष्णव रहे। युवा मैराथन दोड़ में प्रथम स्थान पर मोहित नायक, द्वितीय हेमराज रेगर व तृतीय स्थान पर प्रिंसराज चौधरी रहे। पार्षद मनीष टेलर ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

देवनानी की स्वास्थ्य कामना के लिए महामृत्युंजय मंत्र का जाप किया

पुष्कर (निसं.)। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के हाथों पूजा अर्चना के बाद श्री रघुनाथ शाह जी के मंदिर में शुरू हुआ पौष बड़ा महोत्सव। देवनानी की स्वास्थ्य कामना के लिए पुष्कर में महामृत्युंजय मंत्रों का भी जाप किया गया। पंडित कैलाश नाथ दाधीच के आचार्यत्व में हुई पूजा अर्चना 9 हजारों लोगों को हुआ प्रसाद का वितरण। धार्मिक नगरी पुष्कर में चल रहे पौष बड़ा महोत्सव के दौरान रविवार को विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के लिए हनुमान गली में स्थित श्री रघुनाथ शाह जी के मंदिर में पूजा अर्चना कर हवन किया। मंदिर के पुजारी एवं ज्योतिर्विद पंडित कैलाश नाथ दाधीच के आचार्यत्व में हुए इस पूजन अभिषेक के पश्चात देवनानी में भगवान राघवेंद्र सरकार की महाआरती पौष बड़े महोत्सव की शुरुआत की। लगभग एक घंटे तक इस आयोजन के दौरान मौजूद रहे देवनानी का मंदिर पहुंचने पर दाधीच परिवार की और से भव्य स्वागत किया गया। खास बात यह रही कि कल 11 जनवरी को ही देवनानी का जन्मदिन मनाया गया था। इस आयोजन में मौजूद सभी लोगों ने भी देवनानी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी तो वही पंडित कैलाश नाथ दाधीच ने उन्हें उत्तम स्वास्थ्य के साथ साथ निरंतर उन्नति के पठनपर अग्रसर रहने का आशीर्वाद दिया। देवनानी के हाथों शुरू हुए पौष बड़ा महोत्सव में दिनभर आने जाने वाले श्रद्धालुओं को नमकीन और मीठे पकौड़ों का प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान भाजपा के महामंत्री अरुण वैष्णव ईश्वर सिखवाल एवं पुष्कर थाने के की घनश्याम सिंह राठौड़ मौजूद रहे।

स्वामी विवेकानंद के विचारों ने संपूर्ण विश्व को किया प्रेरित : अल्पना कटेजा

अजमेर, (कासं)।'हम भारतवासियों को 9/11 की आतंकी हमले की याद दिलाती है, जबकि इस दिनांक को हमे विवेकानंद जी के शिकागो मे हुए उदबोधन से जोड़ कर देखना चाहिए, क्योकि हम विनाश की नहीं सृजन की बात करते है। शिकागो के इस भाषण ने भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाई थी। स्वामी विवेकानंद ने धर्म के साथ साथ राष्ट्र सेवा भी की। स्वामी विवेकानंद जी के कई उद्धरण इस बात का प्रमाण है कि उन्होने देश और समाज के करोड़ों - करोड़ों लोगों को प्रेरणा दी है।' यह बात राजस्थान विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो अल्पना कटेजा ने स्वामी विवेकानंद जयंती और राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर राजस्थान केंद्रीय विश्विद्यालय में आयोजित वार्षिक खेल और सांस्कृतिक उत्सव - 'सृजन 2024 - 25' के उद्घाटन समारोह में कही।

प्रो कटेजा ने आगे कहा कि स्वामीजी की स्मरण शक्ति अद्वितीय थी, उन्हे रामायण और महाभारत कंठस्थ थी, वह एक से अधिक जगहों पर अपना फोकस रख सकते थे। अब्दुल कलाम भी अपना गुरु विवेकानंद जी को मनाते थे। स्वामी विवेकानंद की फोटो क्रांतिकारियों के पास भी मिलती थी, स्वामी विवेकानंद युवाओं के साथ साथ सभी वर्गों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। प्रो कटेजा ने सभी से यह बात भी साझा की कि रवीन्द्रनाथ टैगौर ने स्वामी विवेकानंद के बारे में कहा था कि भारत को जानने के लिए विवेकानंद को पढ़ना आवश्यक है, महात्मा गांधी ने भी कहा था कि विवेकानंद को पढ़ने के बाद मेरी भक्ति हजार गुना बढ़ गई। इस प्रकार हम कह सकते हैं स्वामी विवेकानंद ने संपूर्ण विश्व के लोगों को प्रेरित किया था। स्वामीजी कर्मयोग को अधिक महत्व देते थे, नारी का सम्मान करना, सच बोलना यह स्वामीजी के संदेश थे। वर्तमान समय मे युवाओं के लिए यह आवश्यक है कि वह स्वामीजी के विचारों से प्रेरित होकर अपने लक्ष्य की प्राप्ति करें। कार्यक्रम के शुरुआत में मुख्य अतिथि प्रो अल्पना कटेजा को शॉल, स्मृति चिन्ह और श्रीमद भगवद गीता देकर सम्मानित किया गया। राजस्थान केंद्रीय विश्विद्यालय के कुलपति प्रो आनंद भालेराव ने अपने संदेश में कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओ के लिए प्रेरणा स्त्रोत थे, स्वामी जी के विचार और शिक्षा युवाओं को नवीन ऊंचाइयों तक ले जाने वाले है। यह दिवस हमे स्वामी जी के विचारों और आदर्शों को आत्मसात करने का अवसर प्रदान करता है। इसी कड़ी मे डीन अकादमिक प्रो डीसी शर्मा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद न केवल एक महान आध्यात्मिक नेता थे, बल्कि एक दूरदर्शी, राष्ट्रवादी, समाज सुधारक और राजनीति के क्षेत्र में एक सशक्त विचारक भी थे। स्वामी विवेकानंद जी का संदेश था कि युवा शक्ति मे अपार सामर्थ्य है और अगर सही दिशा मे प्रयास किया जाए।

शपथ ग्रहण समारोह में बालिका, महिला एवं शोषित परिवार की मदद के संकल्प के साथ ली शपथ

■ ब्यावर जिला विप्र सेना द्वारा आयोजित

विप्र सेना जिला स्तरीय शपथ ग्रहण समारोह आयोजित ।

ब्यावर, (निसं)। जब तक ब्राह्मण समाज में अंतिम पंक्ति में खड़े अक्षम, कमजोर, असहाय परिवारों को सक्षम बनाने के लिए मजबूती के साथ प्रयास नहीं होंगे तब तक विप्र सेना के वजूद का कोई महत्व नहीं है। आज के समय में यह बहुत जरूरी हो गया हैं कि ब्राह्मण समाज में जरूरतमंद बालिका, महिला एवं शोषित परिवार की समाज स्तर पर हर संभव मदद की जाए। ये कथन विप्र सेना युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप शर्मा ने अजमेर रोड स्थित केसरीनंदन गार्डन में ब्यावर जिला विप्र सेना द्वारा आयोजित जिला स्तरीय शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित करते हुए कहे। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नवीन उपाध्याय ने आर्थिक युग का महत्व बताते हुए ब्राह्मण समाज के परिवारों को व्यापार क्षेत्र में प्रवेश करने और अपने बच्चों को व्यापार की तरफ अग्रसर करने का आव्हान किया। इसी क्रम में महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्षा पूनम आचार्य ने महिलाओं का आर्थिक रुप से सदृढ व सक्षम बनने की अपील की। इस अवसर पर विप्र सेना राष्ट्रीय प्रमुख पंडित सुनील तिवाड़ी ने वर्चुअल संबोधित कर सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए समाज हित में जुटने का आव्हान किया। मालासेरी आसिंद आश्रम के आचार्य श्रीगोपाल आचार्य ने ब्राह्मण परिवार के बच्चों को संस्कारवान बनाने के साथ वैदिक शिक्षा के लिए प्रेरित किया। इससे पूर्व विप्र सेना ब्यावर जिला कार्यकारिणी के नेतृत्व में ब्यावर, बिजयनगर, जैतारण, बदनोर, मसूदा, निमाज, रायपुर से आए शहर प्रकोष्ठ, महिला प्रकोष्ठ, विधि प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ, चिकित्सा प्रकोष्ठ समेत अन्य कार्यकारिणियों के पदाधिकारियों ने भगवान परशुराम के जयघोष के साथ अपने - अपने पद की गोपनियता एवं विप्र सेना के संविधान की पालना करने की सामूहिक शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम के शुरुआत में अतिथियों का माला, साफा व पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया और कोर कमेटी के सदस्यों ने जिला प्रभारी संजय पाराशर के नेतृत्व में भगवान परशुराम के प्रतीक चिन्ह फरसा बतौर स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। समारोह के अंत में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजेंद्र शर्मा ने आभार प्रकट किया। समारोह से पूर्व अजमेर रोड स्थित बजरबद्दू मार्केट में अतिथियों द्वारा विप्र सेना जिला कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया गया। समारोह का संचालन विप्र सेना अजमेर संभाग अध्यक्ष व वरिष्ठ पत्रकार रमेश शर्मा ने किया। इस अवसर पर मंचासीन जिलाध्यक्ष मनोज व्यास, विधि प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष सुनील कौशिक, ज्वालाप्रसाद उपाध्याय, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष ललिता शर्मा समेत कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर शंभूदयाल व्यास, सी.पी.अग्निहोत्री, नवरतन गौड, अनिल भोजक, अनिल शर्मा, सीमा शर्मा, संगीता व्यास, लता शर्मा, अश्विनी शर्मा, परमेश्वर पारीक, गजराज आचार्य, राधेश्याम दाधीच, दिनेश शर्मा, महेंद्र शर्मा, दिनेश शर्मा, अरुण जोशी, गोविंद पराशर, विष्णु मिश्रा, हरीओम उपाध्याय, हरीश त्रिपाठी, सतीश व्यास, संदीप भार्गव, तरुण दाधीच, नरेंद्र शर्मा, तुषार दुबे, उमाकांत दवे, हरिगोपाल शर्मा, सी पी तिवाड़ी, पंकज शर्मा, शर्मिला त्रिपाठी समेत बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के प्रबुद्धजन मौजूद थे। बेटियां परिवार की भाग्य विधाता समारोह के दौरान महिला प्रकोष्ठ अध्यक्षा लता शर्मा के नेतृत्व में भूमि पाराशर एंड ग्रुप ने भगवान परशुराम के अवतार पर आधारित नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर तालियां बटोरी।

मकर संक्रांति पर्व 14 को

अजमेर, (कासं)। सनातन संस्कृति में दान पुण्य विशेष महत्व है। खास कर मकर संक्रांति के पर्व पर। इस बार 14 जनवरी मंगलवार को पर्व मनाया जाएगा। कुछ बार 15 जनवरी को भी यह पर्व मनाया गया है। इस बार यह पर्व 14 जनवरी को ही है। एकमात्र यही सनातनी पर्व है जो दिनांक के आधार पर मनाया जाता है, तिथि के आधार पर नहीं। आगरा गेट मंदिर के महंत पंडित घनश्याम शर्मा ने कहा कि संक्रांति पर्व पर दान पुण्य करने से हजारों गुणा फल मिलता है। **संक्रांति पर्व सूर्य का उत्तरायण होना है:**-पंडित घनश्याम शर्मा ने बताया कि दान पुण्य के लिए मकर संक्रांति का पौराणिक, धार्मिक व सामाजिक मान्यताओं में विशेष महत्व है। धार्मिक और वैज्ञानिक मान्यता है कि भगवान श्री सूर्य नारायण दक्षिणायन से उत्तरायण होते हैं। इस दिन स्नान, दान, अनुष्ठान, यज्ञ, तप, जप आदि का विशेष महत्व है। मान्यता है कि इस दिन कंबल, तेल, तिल, खिचड़ी व तांबे का दान करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है। उन्होंने बताया कि इस साल 14 जनवरी मंगलवार को सुबह 8 बजकर 56 मिनट पर सूर्य मकर राशि में प्रवेश करेगा। इसीलिए पुण्यकाल दिनभर रहेगा, सुबह दस बजकर 17 मिनट से पुष्य नक्षत्र लगेगा।

सार-समाचार

मेल्विन के जन्मदिन पर होंगे सेवा कार्य

अजमेर, (कासं)। लायंस क्लब इंटरनेशनल के संस्थापक मेल्विन जॉन्स के 146 वें जन्मदिन पर लायंस क्लब अजमेर पृथ्वीराज द्वारा मंगलवार को विभिन्न कार्य किए जायेंगे। डिस्ट्रिक मीडिया कॉर्डिनेटर एमजेएफ लायन राजेंद्र गांधी ने बताया कि मंगलवार को प्रात: 11.15 बजे गौशाला में गायों के लिए हरा चारा डाला जाएगा। दोपहर 12.15 बजे लायन रमेश मधु लखोटिया के सहयोग से कोटड़ा स्थित अपना घर संभागीय मूक बधिर विद्यालय में रहवासी बच्चों को भोजन कराया जाएगा । दोपहर 1.15 बजे महिला सशक्तिकरण की प्रांतीय सभापति लायन आभा गांधी के सहयोग से कोटड़ा कच्ची बस्ती के बच्चों को तिल के लड्डू एवं मिठाई वितरित की जाएगी। लायन विनय शशि गुप्ता के सहयोग से सांय 4.15 बजे वैशालीनगर स्थित कच्ची बस्ती के बच्चों को पतंग, डोर एवं बिस्कुट दिए जाएंगे।

'युवा देश का भविष्य हैं'

अजमेर, (कासं)। बेहतर भविष्य के लिए युवाओं की सहभागिता बढ़ाने के लिए संकल्प का अवसर है राष्ट्रीय युवा दिवस। अपनी प्रतिभा और क्षमता को दिखाने, सपने देखना और उन सपनों को पूरा करने का समय हैं। उक्त उद्गार हिंद सेवा दल के संस्थापक अध्यक्ष आर के महावर ने स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस पर हिंद सेवा दल द्वारा तोपदडा स्कूल में स्थित विवेकानंद स्मारक पर आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किए। इस अवसर पर राजेंद्र गांधी ने कहा कि विवेकानंद के अनमोल विचार उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य हासिल न हो। आज की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक है। इस दौरान स्वामीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। सभी उपस्थित जनों ने विवेकानंद अमर रहे, भारत माता की जय के उदघोष किया। आभा गांधी की ओर से सभी उपस्थित जनों को नववर्ष के कैलेंडर प्रदान किए गए ।न्इस अवसर पर प्रदीप कछावा, राकेश शर्मा, कुलदीप खन्ना, पुतिन भार्गव, अमरसिंह निर्माण, चंद्रशेखर चौधरी, रंजना शर्मा, आशा, कृष्णा, निक्की जैन, अनिता मलिक, संतोष फुलवारी, राजकुमार भाटी सहित अन्य मौजूद थे।

रेलवे की आय हुई और सुरक्षित

अजमेर, (कासं)। उत्तर पश्चिम रेलवे ने अपनी आय को सुरक्षित करने के लिए एक ओर कदम बढ़ाया है। महाप्रबंधक उत्तर पश्चिम रेलवे अमिताभ के मार्गदर्शन और प्रमुख वित्त सलाहकार उत्तर पश्चिम रेलवे गीतिका पांडेय के दिशा निर्देशों के अंतर्गत उत्तर पश्चिम रेलवे की पहली ई-टीआर अजमेर मंडल के नसीराबाद स्टेशन से जारी की गई है । उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार उत्तर पश्चिम रेलवे पूरे देश का पांचवा जोन है, जहां यह व्यवस्था शुरू की गई है। उत्तर पश्चिम रेलवे से पूर्व यह व्यवस्था उत्तर पूर्व रेलवे, मध्य रेलवे, पूर्व सीमांत रेलवे और दक्षिण पश्चिम रेलवे में शुरू की गई है। नसीराबाद के तुरंत बाद अब उत्तर पश्चिम रेलवे के सभी स्टेशनों पर यह व्यवस्था शुरू कर दी गई है। शीघ्र ही संपूर्ण भारतीय रेलवे में इस व्यवस्था को लागू किया जाएगा। भविष्य में यूटीएस को बैंक सॉफ्टवेयर और ऑटो रिकंसिलियेशन से जोड़ने की योजना है जिससे राशि या रसीद जमा की सूचना मैसेज के रूप में भी प्राप्त होने लगेगी। स्टेशनों पर विभिन्न मदों से जो रेल राजस्व एकत्रित होता है उसे बैंक में जमा करने की रसीद होती है, जिसे ट्रेज़री रेमिटांस नोट (टी आर नोट) कहा जाता है। टीआर नोट हाथ से बनाया जाता था, जिसमें काट-छांट व हेराफेरी की संभावना रहती थी, लेकिन अब इलेक्ट्रॉनिक तरीके से ई- टी आर बनने से यह संभावना नहीं रहेगी।

विधायक चौधरी ने विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। विधायक डॉ विकास चौधरी ने विधानसभ क्षेत्र का दौरा कर विभिन्न समस्याओ के संबंध में आमजन से रूबरू हुए। विधायक चौधरी ने प्राथमिकता के समाधान के लिये आश्वस्त करते हुए तत्काल संबंधित अधिकारियो से बात कर प्रकरणो का निस्तारण कराया। साथ ही अगले पखवाड़े में प्रस्तावित बजट सत्र में क्षेत्र की बड़ी समस्याओं को पुरजोर तरीके से सामने रखने की बात की। विधायक चौधरी ने भाजपा के बड़े नेताओं द्वारा लगातार महिलाओं के प्रति की गई टिप्पणी को लेकर कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने कहा महिलाओं का अपमान किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। गांव डीडंवाडा, माला,भोगादीत, गागुंदा, सिरोंज, झीरोता, जोरावरपुरा, बोराडा, डबरेला, झाडोल, खेड़ा गोपालपुरा, दादिया, कटसुरा सहित कई गांवो का सघन दौरा कर पिछले दिनों जिन परिवारों ने अपनों को खोया उनके दुख दर्द में शामिल हुए। इस दौरान क्षेत्र के सरपंच, पंचायत समिति सदस्य, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि व कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

गौशाला में गौ माता की सेवा की,

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)।मंगला आरती परिवार की से निंबार्क तीर्थ स्थित राधा माधव गौशाला में गौमाता की सेवा कर पुनीत कार्य में भागीदारी सुनिश्चित की। गौशाला में गौवंश की सेवा के साथ सुमधुर भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। परिवार के शिव कामदार ने सभी सदस्यों को गौशाला का भ्रमण कराया। इस दौरान समाजसेवी गणेश राठी, प्रकाश राठी, विजय दरगड, शिव कामदार, रामप्रकाश शर्मा, श्यामसुंदर माहेश्वरी, रूपचंद छापरवाल, मोती छापरवाल, रमेश जांगिड़, विवेक राठी, रक्षा झंवर, बिशना अग्रवाल, ललिता अग्रवाल, मोनिका अग्रवाल, मंजू शर्मा, सारिका अग्रवाल, आभा अग्रवाल, संजना जांगिड़, बबीता शर्मा, मंगला अग्रवाल, मीनू अग्रवाल सहित कई सदस्य मौजूद रही।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का पथ संचलन 19 को

अजमेर, (कासं)। राष्ट्रीय स्वाभिमान जन जागरण के उद्देश्य से अजमेर शहर में 19 जनवरी को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन होगा। पथ संचलन की तैयारियां संघ के स्वयंसेवक द्वारा की जा रही है। पथ संचलन के संबंध में जिला प्रशासन को भी सूचित किया गया है। अजयमेरु महानगर के संघ चालक खाजूलाल चौहान ने बताया कि 19 जनवरी को प्रात: 9:30 बजे स्वयंसेवक संघ की गणवेश में तोपदड़ा स्थित स्कूल के मैदान पर एकत्रित होंगे। यही से घोष की मधुर धुन के साथ स्वयंसेवकों का पथ संचलन शुरू होगा। यह पथ संचलन तोपदड़ा के रेलवे फाटक से निकल कर सूचना केंद्र चौराहा, आगरा गेट, नया बाजार चौपड़, कड़क्का चौक, धानमंडी, दरगाह बाजार, नला बाजार, मदार गेट, क्लॉक टावर पुलिस स्टेशन, स्टेशन रोड, गांधी भवन, कचहरी रोड होते हुए पुन: तोपदड़ा स्कूल मैदान पर संपन्न होगा। इस पथ संचलन में शहर के हर घर से एक युवा को शामिल करने का प्रयास किया जा रहा है। देश के स्वाभिमान के खातिर युवाओं में जबरदस्त उत्साह है। इस बार के पथ संचलन का महत्व इसलिए भी है कि यह संघ का शताब्दी वर्ष है। संघ के शताब्दी वर्ष में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। तोपदड़ा के खेल मैदान पर संघ के क्षेत्रीय प्रचारक निंबाराम का मार्ग दर्शन भी मिलेगा।

हजरत मीरां हुसैन के उर्स का झंडा 14 को चढ़ेगा

अजमेर, (कासं)। अजमेर की तारागढ़ पहाड़ी पर स्थित हजरत मीरां हुसैन खिंग सवार के उर्स का झंडा 14 जनवरी को शाम 5 बजे झंडा चढ़ाया जाएगा। तारागढ़ दरगाह में उर्स की तैयारियां जारी हैं। 17 जनवरी को सुबह 4:30 बजे हजरत मीरां साहब की मजार को गुस्ल दिया जाएगा। मजार शरीफ के चारों ओर सवा मन लच्छा बांधा जाएगा और मेहंदी लगाई जाएगी।

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी/अन्तरिति की मृत्यु पर के उतराधिकारियों के पक्ष में संयुक्त नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की योजना के आवासीय/व्यावसायिक भूखण्ड संख्या 10 (I) क्षेत्रफल 165 वर्गगज के आवंटी/अन्तरिति श्री बृजेश शर्मा पुत्र जी.आर. शर्मा निवासी हरिभाऊ उपाध्याय नगर (विस्तार) पुष्कर रोड, अजमेर की मृत्यु दिनांक 03/02/2020 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलंग्न कर मृतक के वारिसों में क्रमशः श्रीमती सुषमा शर्मा पत्नि स्व. श्री बृजेश शर्मा, सुश्री दीपिका शर्मा पुत्री स्व. श्री बृजेश शर्मा निवासी हरिभाऊ उपाध्याय नगर (विस्तार) पुष्कर रोड, अजमेर द्वारा संयुक्त रूप से नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपति हो तो सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर अपनी आपति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जायेगी। योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी/अन्तरिति की मृत्यु पर के उतराधिकारियों के पक्ष में संयुक्त नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की योजना के आवासीय/व्यावसायिक भूखण्ड संख्या 9 (I) क्षेत्रफल 165 वर्गगज के आवंटी/अन्तरिति श्री बृजेश शर्मा पुत्र जी.आर. शर्मा निवासी हरिभाऊ उपाध्याय नगर (विस्तार) पुष्कर रोड, अजमेर की मृत्यु दिनांक 03/02/2020 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट सलंग्न कर मृतक के वारिसों में क्रमशः श्रीमती सुषमा शर्मा पत्नि स्व. श्री बृजेश शर्मा, सुश्री दीपिका शर्मा पुत्री स्व. श्री बृजेश शर्मा निवासी हरिभाऊ उपाध्याय नगर (विस्तार) पुष्कर रोड, अजमेर द्वारा संयुक्त रूप से नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपति हो तो सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर अपनी आपति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करावें उक्त नियत अवधि पश्चात कोई आपति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जायेगी। योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर